# 50 एकड़ में बन रहे औद्योगिक पार्क से 5000 लोगों को मिलेगा रोजगार

संवाद न्यूज एजेंसी

**वाराणसी।** चंदौली के पीडीडीयू नगर-चकिया मार्ग पर चंदाइत में 50 एकड़ में औद्योगिक पार्क बन रहा है। इसके लिए 30 एकड़ जमीन खरीदी जा चुकी है। 20 एकड़ जमीन और चिह्नित कर खरीदने का काम चल रहा है।

शासन यहां अपना पावर हाउस बनाएगा, जिससे किसी भी प्रकार की बिजली की समस्या नहीं होगी। बाहर से औद्योगिक पार्क के भीतर प्रवेश करने के लिए 2.5 किमी की सड़क बनेगी। 33 केएमवी की लाइन औद्योगिक पार्क के डोर स्टेप तक उपलब्ध कराई जाएगी। अंदर का 10 मेगावाट का पावर हाउस विकासकर्ता की ओर से लगाया जाएगा।

रामनगर औद्योगिक एसोसिएशन के अध्यक्ष देव भट्टाचार्या ने बताया कि चंदाइत में औद्योगिक पार्क बनने से मिलेगा। साथ ही पलायन भी रुकेगा। सरकार के प्लेज पार्क पॉलिसी के अंतर्गत डीआरएस इंडस्ट्रियल पार्क एलएलपी एक प्राइवेट औद्योगिक पार्क बना रहा है। इसे मुख्यमंत्री का ड्रीम प्रोजेक्ट भी बताया जा रहा है। इस पार्क में 75 औद्योगिक प्रतिष्ठान स्थापित करने की तैयारी है। इसके लिए उद्यमी व उद्योग विभाग की ओर से मिलकर कार्य किया जा रहा है।

औद्योगिक क्षेत्र में सीसी सड़क, 10 एमवीए का पावर हाउस, सीसी ड्रेन व अन्य सुविधाएं भी रहेंगी। इस औद्योगिक क्षेत्र को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे रामनगर औद्योगिक एसोसिएशन के अध्यक्ष और गोविंद केजरीवाल के मुताबिक, अगले 3 माह में 20 एकड़ और भूमि खरीदने की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। खरीदी गई 30 एकड़ भूमि में मिट्टी भराई का कार्य अक्तूबर से दिसंबर तक पूरा कर लिया जाएगा।